# पाठ्यक्रम विवरण
# COURSE DESCRIPTION

- Master of Physical Education (M.P.Ed.) 4 Semester Programme
  (For male candidate only)
- Bachelor of Physical Education (B.P.Ed.) 4 Semester Programme
  (For male candidate only)
- Bachelor of Physical Education & Sports (B.P.E.S.) 6 Semester Programme

## शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग
## Department of Physical Education & Sports

## योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय
## Faculty of Yoga & Physical Education


## गुरुकुल काङ्गड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार
(नैक से "A" ग्रेड प्राप्त एवं यू०जी०सी० एक्ट 1956 के सेक्शन 3 के अन्तर्गत समविश्वविद्यालय)

## Gurukula Kangri (Deemed to be University), Haridwar
(NAAC "A" Grade Accredited Deemed to be University u/s 3 of UGC Act 1956 )

www.gkv.ac.in
















शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग
दयानन्द स्टेडियम परिसर
गुरुकुल कांगड़ी (सम विश्वविद्यालय) हरिद्वार

उत्तर क्षेत्रीय समिति
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(भारत सरकार का एक विधिक संस्थान)

Northern Regional Committee
**National Council for Teacher Education**
(A Statutory Body of the Government of India)

1. The recognition was granted by NRC to Gurukul Kangri Vishwavidyalaya, Haridwar, State Uttarakhand for B.P.Ed. course vide order **F.N.R.C./N.C.T./F-3/UP-504/2002/6483-6489 dated-25/06/2002** with an annual intake of 50 students from the academic session 2002-2003. N.C.T.E. here by issues the revised recognition order to Gurukul Kangri Vishwavidyalaya, Haridwar, State Uttarakhand for conducting **B.P.Ed. programme of two year duration** with an annual intake of 50 for one basic unit of student of 50 student from the **academic session 2015-16 dated 5 june 2015.**

2. In exercise of the power vested under section 14 (3) (a) of the NCTE Act. 1993, the Northern Regional Committee hereby grants recognition to Gurukula Kangri Vishwavidyalaya, Post office-Gurukula Kangri, Jagjeetpur, Kankhal, Haridwar-249404, Uttarakhand for conduction of M.P.Ed. course of P.G. level of two year duration with an annual intake of 40 (Forty only) from the academic session 2014-15 under clause 7 (11) of NCTE (Recognition Norms & Procedure) Regulation 2009 vide latter No. NRC/NCTE/UR-136/222nd meeting/2013/68370 dated 13 January 2014.

# संकाय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम

## Courses Offered by the Faculty

- **Doctor of Philosophy (Ph.D) - Research Programme**
- **Master of Physical Education (M.P.Ed.) 4-Semester Programme**
- **Bachelor of Physical Education (B.P.Ed.) 4-Semester Programme**
- **Bachelor of Physical Education & Sports (B.P.E.S.) 6-Semester Programme**

## PHYSICAL EDUCATION & SPORTS- AN INTRODUCTION

In order to develop and enhance physical and mental strength of the students Deemed to be University has a full-fledged Physical Education & Sports Department along with the facilities of outdoor and indoor games. There are also the facilities like multigym with latest machines, computer lab, sports psychology lab, kinesiology lab and departmental library. The Department has been running BPEd Course from 2002-03 with the recoganition of National Council for Teacher Education (NRC) Jaipur. Earlier fourteen batches of students of one year course have largely found jobs in various services

This is the six batch of two year duration BPEd. course. To the credit of the Department every year students of BPEd. course, alongwith student of other courses, take part in the university team for All India/North Zone Interuniversity Championships. Vishwavidyalaya was awarded silver medal in All India interuniversity pistol shooting championship and All India interuniversity Yoga championship (indvidual event) in 2006 respectively. Vishwavidyalaya Hockey team brought a laurel by winning the gold medal in All India and North Zone Hockey Championship in the year 2008. The Vishwavidyalaya Hockey team had also won the running trophy and a cash prize money of Rs. 51000/- in SAIL Nehru Hockey in the year 2009. The players of Vishwavidyalaya team have been working in Railway, Audit, Custom, FCI, Defence, Postal, Forest Department etc. All India Swami Shardhanand Hockey Tournament which is the 3rd oldest Tournament of Hockey in India and also one of the best in Hockey is held every year in the Vishwavidyalaya. The Vishwavidyalaya Hockey team won the first, second, third position in the tournament from 2008-2017 respectively. The Vizzy trophy of AIU, which is the best in North Zone Interuniveristy Championship in cricket held at Mumbai. A player from our Vishwavidyalaya cricket team was the member selected for this championship.

In year 2017-18 University Cricket team secure the thrid place in North Zone Interuniversity cricket championship held at M.D.U. Rohtak & Vishwavidyalaya awarded the cash prize of Rs. 51000/- & a trophy at the occasion of closing ceremony of Shardhanand Hockey tournament by cabinate minister, Uttarakhand and Vice chancellor of the Vishwavidyalaya.

Four students of BPES programme (2016-17) of this University have been selected for Santosh trophy. One student of this programme has also been champion in Senior National Strength Lifting Champioship held at Jharkhand in 2017. The department has organized seven National and One International Conference. In respect to academic development.

In every year National Sports day, International Olympic day etc. programme also hosted by the department. In year 2020-2021 during Covid-19 Pandemic, department conducted online webiner series, classes, RDC meeting & other activities in well manner.

## शारीरिक शिक्षा एवं खेल-एक परिचय

समविश्वविद्यालय में छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग स्थापित है। विश्वविद्यालय में आन्तरिक एवं बाह्य खेलों के लिए विस्तृत मैदान तथा सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त विभाग में आधुनिकतम मशीनों से युक्त व्यायामशाला, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, खेल मनोविज्ञान प्रयोगशाला, किन्सयोलॉजी प्रयोगशाला एवं विभागीय पुस्तकालय की सुविधायें भी उपलब्ध हैं। विभाग में बी.पी.एड. पाठयक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा वर्ष 2002-03 से मान्यता प्राप्त, संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में सत्र 2020-21 तक 19 बैच सफलता पूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं तथा व्यवसायिक दृष्टिकोण से छात्र विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

द्विवर्षीय बी.पी.एड. पाठयक्रम का यह षष्ठम् बैच (19वां बैच) अध्ययनरत है जिनकी परीक्षायें हो रही हैं। विभागीय उपलब्धियों में प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय की 12 से 17 टीमें अखिल भारतीय/उत्तर क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालय में प्रतिभाग तथा बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं जिसके परिणामस्वरूप 2006 में ऑल इण्डिया इण्टरयूनिवर्सिटी पिस्टल शूटिंग में सिल्वर मेडल, ऑल इण्डिया इण्टरयूनिवर्सिटी योग चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वर्ष 2008 में विश्वविद्यालय की हॉकी टीम ऑल इण्डिया इण्टरयूनिवर्सिटी तथा नॉर्थ जोन इण्टरयूनिवर्सिटी हॉकी चैम्पियनशिप में चैम्पियन बनी। वर्ष 2009 में विश्वविद्यालय हॉकी टीम सेल नेहरू, ग्वालियर हॉकी टूर्नामेन्ट में उपविजेता रही जिसमें टीम को ट्राफी तथा नकद 51000 हजार रूपये पारितोषिक प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय टीमों के खिलाड़ी वर्तमान में रेलवे, ऑडिट, कस्टम, एफसीआई, डिफेन्स, पोस्टल, फोरेस्ट आदि विभागों में कार्यरत हैं। ऑल इण्डिया स्वामी श्रद्धानंद हॉकी टूर्नामेन्ट भारत के श्रेष्ठतम टूर्नामेन्ट तथा इण्डिया का तीसरा पुराना टूर्नामेन्ट है। इस टूर्नामेन्ट में विश्वविद्यालय टीम वर्ष 2008 से 2017 तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करती रही। वर्ष 2016 में विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का एक खिलाड़ी भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय स्तर की विज्जी ट्राफी में उत्तर क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के श्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों में चयनित हुआ तथा मुम्बई में आयोजित चैम्पियनशिप में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2017-18 में विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम ने उत्तर क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय द्वारा टीम को नकद रुपये 51000/- तथा ट्राफी पुरस्कार स्वरूप टूर्नामेंट के समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री, उत्तराखण्ड एवं विश्वविद्यालय कुलपति के कर कमलों द्वारा प्रदान की गयी।

बीपीईएस पाठयक्रम 2016-17 में अध्यनरत फुटबाल टीम के 4 छात्र संतोष ट्रॉफी के लिये चयनित हुये। बीपीईएस का एक छात्र सीनियन नेशनल स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में चैम्पियन बना। शैक्षणिक गतिविधियों में विभाग द्वारा 7 राष्ट्रीय तथा 01 अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया है।

विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस आदि अवसरों पर कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2020-2021में कोविड महामारी की समयावधि में ऑनलाइन वेबीनार सीरीज, कक्षायें, आर.डी.सी. बैठक तथा अन्य गतिविधियों का कुशल संचालन विभाग द्वारा किया गया।

## SPORTS FACILITIES

Dayanand Stadium & Main Campus have Modern & well equiped Health & Fitness Lab/Gym, Modern Squash Courts, Wooden Floring Badminton court, Multipurpose Hall, 400 Mtrs. Standard Track, Ancient Hockey Ground, Cemented Basketball courts, Cemented with fancing Lawan Tennis courts, Volleyball courts, Kabaddi court, Kho-Kho Ground, Cricket Pavalion, Football Ground.

The sports facilities have been extended for the year 2018-19 by purchasing modern kabaddi mats (272), wrestling mats & high jump mats. Gymanisum hall have also been modernized by adding advance trade mile (02), advance cycle(01), health station (02) under the development grant sanction by UGC to the Vishwavidyalaya.

To make teaching skill better technology based, smart board (02), computer (09), projector (03) laptop (01) printer (02), spectator stand (04) have also been purchase this year.

The ground facilities are also updated and managed by purchasing mini tractor and grass cutting machine along with students furniture and books worth **Rs. 1,50000** for departmental libarary.

## SPORTS ACHIEVEMENTS

1. **Bronze Medal :** The University wrestling team won the bronze medal in all india interuniversity wrestling championship (free style) in the year 2018-19.
2. **Bronze Medal :** The University wrestling team won the bronze medal in all india interuniversity wrestling championship (Greco-Roman) in the year 2018-19.
3. **Bronze Medal :** The University drop-row ball team won the bronze medal in all India interuniversity drop-row ball championship in the year 2018-19.
4. The University has honoured the Wrestling players by given Rs. 21000/- cash prize to each player & Rs. 5100/- cash prize to team coach accompanied with team.
5. The University Basket ball team won the Gold medal in PYKKA National game 2020-21.

## खेल सुविधायें

दयानंद स्टेडियम तथा मुख्य परिसर में आधुनिक उपकरणों से युक्त स्वास्थ्य तथा फिटनैस लैब/व्यायामशाला, आधुनिक स्क्वैश कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, मल्टीपरपस हॉल, 400 मी. ट्रेक, प्राचीन हॉकी मैदान, बास्केट बॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, वॉलीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, खो खो मैदान, क्रिकेट पवेलियन, फुटबाल ग्राउंड।

वर्ष 2018-19 में विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं में विस्तार करते हुये आधुनिक स्तर के कबड्डी मैंट (272), कुश्ती मैंट तथा हाई जम्प मैंट क्रय किये गये। वही व्यायामशाला को अत्याधुनिक रूप प्रदान करते हुये एडवांस ट्रेडमिल (02), एडवांस साइकिल (01), व्यायाम स्टेशन (02) विकास अनुदान के अंतर्गत यू.जी.सी. द्वारा आबंटित बजट से क्रय किये गये।

अध्यापन स्तर को ओर अधिक तकनीकी आधार प्रदान करने के लिए स्मार्ट बोर्ड (02), कम्प्यूटर (09), प्रोजेक्टर (03), लेपटॉप (01), प्रिंटर (02), स्पेक्टेटर स्टैंड (04) क्रय किये गये। मैदानों को व्यवस्थित करने के लिए एक मिनी ट्रैक्टर तथा ग्रास कटिंग मशीन के साथ-साथ छात्रों के प्रयोगार्थ फर्नीचर तथा विभागीय पुस्तकालय के लिए **रु. 1,50000** की पुस्तकें क्रय की गयीं।

## खेल उपलब्धियां

1. **कांस्य पदक-** विश्वविद्यालय कुश्ती टीम द्वारा वर्ष 2018.19 में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता (फ्री-स्टाईल) में कांस्य पदक जीता।
2. **कांस्य पदक-** विश्वविद्यालय कुश्ती टीम द्वारा वर्ष 2018.19 में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता (ग्रीको-रोमन) में कांस्य पदक जीता।
3. **कांस्य पदक-** विश्वविद्यालय ड्रोप रॉ बॉल टीम द्वारा वर्ष 2018.19 में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रोप रॉ बॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।
4. विश्वविद्यालय द्वारा कुश्ती टीम के खिलाड़ियों को नकद पारितोषिक रुपये 21000/- (प्रति खिलाड़ी) तथा टीम के साथ गये कोच को रुपये 5100/- की धनराशि प्रदान की गयी।
5. विश्वविद्यालय बॉस्केटबाल टीम द्वारा पायका नेशनल गेम्स 2020-21 में गोल्ड मैडल प्राप्त किया।

## HOW TO APPLY

Application form and Information Brochure for M.P.Ed./B.P.Ed./B.P.E.S. can be obtained from the office of **Registrar, Gurukula Kangri (Deemed to be University), Haridwar or Dept. of Physcial Education & Sports Gurukula Kangri by paying Rs. 500/- in cash or through demand draft.**

The candidates appearing in the final year of qualifying examination are also eligible to apply. Such candidates will have to submit compulsorily their complete final result of qualifying examination upto **30 November 2021**, failing which their admission shall be treated as cancelled.

Filled in application form for M.P.Ed. / B.P.Ed. / B.P.E.S. may be submitted to the office of **Registrar, Gurukula Kangri (Deemed to be University), Haridwar or Dept. of Physical Education & Sports.** Admission to B.P.E.S. (for girls candidates) may be submitted to the office of Coordinator **KGC, Haridwar.**

**Note:-** 1. No fee shall be paid by the candidate while submitting application form. However online/downloaded application from website will only be accepted alongwith requisite fee **Rs. 500/-**

2. Write the name of the course applied on the top of the envelop and your name and course on the back of the demand draft while demanding application form.

## ADMISSION PROCEDURE

### ELIGIBILITY

- **M.P.Ed.**

Bachelor of Physical Education (B.P.Ed.) or Equivalent with atleast 50% marks.

**OR**

Bachelor of Science (B.Sc.) in Health and Physical Education with atleast 50% marks.

- **B.P.Ed.**

Bachelor's degree in any discipline with 50% marks and having at least participation in the Inter-college/Inter-Zonal/District/School competition in sports and games as recognised by the AIU/IOA/SGFI/Govt. of India.

**OR**

Bachelor's degree in Physical Education with 45% Marks

## आवेदन कैसे करें

एम.पी.एड./बी.पी.एड./बी.पी.ई.एस. हेतु प्रवेश के लिये आवेदन पत्र तथा विवरण पत्रिका **कुलसचिव, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार अथवा शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के कार्यालय से रु. 500/-** के नकद भुगतान अथवा डिमांड ड्राफ्ट भेजकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

अंतिम वर्ष की अर्हता परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी भी प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी अर्हता परीक्षा का अन्तिम पूर्ण परीक्षा परिणाम **30 नवम्बर 2021** तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा जिसके अभाव में उनका प्रवेश निरस्त समझा जायेगा।

एम.पी.एड./बी.पी.एड./बी.पी.ई.एस. में प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र **कुलसचिव, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार** अथवा **शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग** कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। छात्राओं के लिए बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रम हेतु पूर्ण रुप से भरे हुए आवेदन पत्र कॉर्डिनेटर **कन्या गुरुकुल परिसर, हरिद्वार** कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे।

**नोटः-** 1. अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र जमा करते समय कोई शुल्क देय नहीं होगा। ऑनलाइन/वेबसाइट से डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क **रु. 500/-** के साथ जमा होने पर ही स्वीकार्य होंगें।

2. आवेदन पत्र मंगाते समय लिफाफे के ऊपर पाठ्यक्रम का नाम तथा ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम व पाठ्यक्रम अवश्य अंकित कर दें।

## प्रवेश प्रक्रिया

### अर्हताएं

- **एम.पी.एड.**

बैचलर आफ फिजिकल एजुकेशन (बी.पी.एड.) अथवा समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 50% अंकों सहित।

**अथवा**

बैचलर आर्फ साइंस (बी.एस-सी.) स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा में न्यूनतम 50% अंकों सहित।

- **बी.पी.एड.**

50% अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम ए.आई.यू./आई.ओ.ए./एस.जी.एफ.आई./भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अन्तर-कॉलेज/ अन्तर-क्षेत्रीय/ जिला/स्कूल प्रतियोगिता में भागीदारी की हो।

**अथवा**

45% अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री।

**OR**

Bachelor's degree in any discipline with 45% Marks and studied Physical Education as compulsory/ elective subject

**OR**

Bachelor's degree with 45% Marks and having participated in National /Inter-University/State competitions or secured 1st, 2nd or 3rd position in Inter-College/Inter-Zonal/District/School competition in sports and games as recognised by the AIU/IOA/SGFI/Govt. of India.

**OR**

Bachelor's degree with paricipation in International competitions or secured 1st, 2nd or 3rd position in National/Inter-university competition in sports and games as reconised by respective federations / AIU / IOA / SGFI / Govt. of India.

OR

Graduation with 45% marks and at least three years of teaching experience (for deputed in-service candidates i.e.Trained Physical Education Teachers/Coaches).

The relaxation in the percentage of marks in the qualifying examination and in the reservation of seats for SC/ST/OBC/PWD categories shall be as per the rules of UGC/Central Government.

- **B.P.ES.**

## Eligibility

**Intermediate (10+2) or equivalent with examinations mark 45%** Admission to B.P.E.S. Course shall be given on the basis of merit list prepared by the marks obtained in the qualifying examination by the admission committee.

## Note:-

1. There shall be relaxation of 5% marks for SC/ST/OBC/PWD/GKV graduates in the restriction of minimum marks for all the courses.
2. Candidate must check carefully and ensure that he/she fulfills the minimum eligibility mentioned in the information broucher before submitting the application. If the candidate's eligibility is found incomplete / incorrect at any stage during admission process or after admission, his/her admission will be cancelled for which he/she will solely responsible.

**अथवा**

45% अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री तथा एक अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा का अध्ययन किया हो।

**अथवा**

45% अंकों के साथ स्नातक डिग्री और राष्ट्रीय/अन्तर-विश्वविद्यालय/राज्य प्रतियोगिता में भाग लिया हो अथवा ए.आई.यू./आई.ओ.ए./एस.जी.एफ.आई./भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल-कूद में अन्तर-कॉलेज / अन्तर-क्षेत्रीय / जिला/स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

**अथवा**

अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री अथवा सम्बन्धित संघों ए.आई.यू./ आई.ओ.ए./एस.जी.एफ.आई./भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल-कूद में राष्ट्रीय/अन्तर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

**अथवा**

45% अंकों के साथ स्नातक डिग्री और कम से कम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्त सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिये अर्थात प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक/कोच)।

तथापि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/पी.डब्लू.डी. श्रेणियों के लिये सीटों का आरक्षण यू.जी.सी./केन्द्रीय सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

- **बी.पी.ई.एस.**

## अर्हता

**इण्टरमीडिएट (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा 45 प्रतिशत अंकों सहित।** बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश मेरिट के आधार पर तैयार सूची द्वारा वरीयता के आधार पर किया जायेगा।

## नोट :-

1. अनु. जाति/अनु. जनजाति/ अ.पि.वर्ग/निशक्त/गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के स्नातकों के लिए सभी पाठ्यक्रमों में न्यूनतम अंकों के प्रतिबन्ध में 5% की छूट होगी।
2. आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी अपनी अर्हता की सावधानी पूर्वक जांच कर सुनिश्चित कर लें कि वे विवरण पत्रिका के अनुसार निर्धारित अर्हता पूर्ण करते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अथवा प्रवेश के उपरान्त यदि किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की अर्हता अपूर्ण/असत्य पाई गई तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही होगी।

3. Admission to M.P.Ed. / B.P.Ed. / B.P.E.S. shall be given in order of the merit of eligibility as per the availability of the seats in different reserved categories.

## No. of Seats

**Number of seats in each course :**

- **M.P.Ed. (For Male Candidates)** 40
- **B.P.Ed. (For Male Candidates)** 50
- **B. P. E.S. (For Male Candidates)** 75
- **B. P. E.S. (Male Sponsored Candidates)** 05
- **B. P. E.S. (For Female Candidates)** 20

**Note:-Number of seats can be changed without any prior notice.**

## COUNSELING

Admission to M.P.Ed./B.P.Ed./B.P.E.S.courses shall be given in order of merit through counseling. Candidates have to come for counseling in order of their merit on the specific day and time. Counseling shall be continued on the next day if it does not complete within specified time. Candidates are supposed to arrange their boarding and lodging themselves.

- Attested copy of High School Certificate
- Attested copy of High School Marksheet
- Attested copy of Intermediate (11th & 12th) Marksheet
- Attested copies of marksheets Upto Vth Semester of Graduation (for B.P.Ed.)
- Attested copies of marksheets of all years of B.P.Ed./B.Sc. Physical Education (only for M.P.Ed.)
- Character certificate (original copy)
- Migration certificate (original copy)
- Transfer certificate (original copy) (only for BPES)
- Reservation category certificate (attested copy)
- Attested copies of the games & sports participation certificates (Highest Level
- 6 passport size photographs

3. एम.पी.एड./बी.पी.एड./बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रमों में अर्हता परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता क्रम में आरक्षण वर्गानुसार सीटों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

## सीटों की संख्या

**प्रत्येक पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या निम्न प्रकार है :-**

- **एम.पी.एड. ( पुरुष अभ्यर्थियों हेतु )** 40
- **बी.पी.एड्. ( पुरुष अभ्यर्थियों हेतु )** 50
- **बी.पी.ई.एस. ( पुरुष अभ्यर्थियों हेतु )** 75
- **बी.पी.ई.एस. ( पुरुष प्रायोजित अभ्यर्थियों हेतु )** 05
- **बी.पी.ई.एस. ( केवल महिला अभ्यर्थियों हेतु )** 20

**नोट:– सीटों की संख्या में बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन किया जा सकता है।**

## काउंसलिंग

एम.पी.एड./बी.पी.एड./बी.पी.ई.एस.पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग के माध्यम से अर्हता की मेरिट के आधार पर किये जायेंगे। अभ्यर्थियों को मेरिट क्रमानुसार नियत दिन व समय पर काउंसलिंग हेतु आना होगा। काउंसलिंग नियत समय तक पूर्ण न होने पर अगले दिन भी जारी रहेगी। अभ्यर्थियों को अपने रहने व खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

- हाईस्कूल प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि
- हाईस्कूल अंक पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि
- इण्टरमीडिएट (11वीं तथा 12वीं) अंक पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि
- स्नातक कक्षाओं के चतुर्थ सेमेस्टर तक के अंक पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि (बी.पी.एड. के लिये)
- बी.पी.एड./बी.एस-सी., शारीरिक शिक्षा के द्वितीय सेमेस्टर/ षष्ठम सेमेस्टर तक के अंक पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि (केवल एम.पी.एड. के लिये)
- चरित्र प्रमाण पत्र (मूल प्रति)
- माइग्रेशन सर्टिफिकेट (मूल प्रति)
- स्थानान्तरण सर्टिफिकेट (मूल प्रति) (केवल बीपीईएस के लिये)
- आरक्षण वर्ग प्रमाण पत्र (प्रमाणित प्रतिलिपि)
- खेल में भाग लेने सम्बन्धी प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि (उच्चतम स्तर)
- 6 पासपोर्ट साइज फोटो ग्राफ

- If there is gap between the passing year of last examination and the admission, the candidate shall have to submit an affidavit by notary on the prescribed format.
- Non physical deficiency certificate (Issue by C.M.O.)

- यदि पूर्व कक्षा व वर्तमान प्रवेश के मध्य अन्तराल हो तो निर्धारित प्रारूप पर नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र।
- किसी भी प्रकार की शारीरिक विकलांगता न होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र (मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत)

## Original copy of all the above certificates / documents (for verification)

M.P.Ed./B.P.Ed. Candidate will have to deposit **Rs. 1000/-** (Non Refundable) & in B.P.E.S. **Rs. 200/-** as Counseling / Processing fee at the time of counseling.

Fee should be deposited immediately after the admission granted. If candidate fails to deposit the fee at the time of admision, his/her admission shall be treated as cancelled.

## CANCELLATION OF ADMISSION

The admission of the candidate shall be cancelled if the information given by the candidate is found false/incorrect or not fulfilling minimum eligibility at any stage during admission process or after admission.

Candidates appearing in the final year of qualifying examination shall have to submit their final passing result of the qualifying examination upto **November 30, 2021** , failing which their admission shall be treated as cancelled.

## Important Dates for MPEd. and BPEd.

| | |
|---|---|
| Last Date for submission of Application | : **31 July 2021** |
| Display of merit list on notice board | : **10 August 2021** |
| Date of first counseling for admission | : **13 August 2021** |
| Vacant seat after first counseling and Last date of admission | : **20 August 2021** |
| Classes start | :**9 September 2021** |

## Important Dates for B.P.E.S.

| | |
|---|---|
| Last Date for submission of Application . | : **31 July 2021** |
| Display of merit list on notice board | : **16 August 2021** |
| Date of first counseling for admission | : **23 August 2021** |
| Vacant seat after first counseling & Last date of counseling | : **06 Sep. 2021** |
| Classes start | : **09 Sep. 2021** |

## उपरोक्त सभी प्रपत्रों की मूल प्रतियाँ (जाँच हेतु)

एम.पी.एड./बी.पी.एड. अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के समय **रु.**1000/- (नॉन रिफन्डेबल) तथा बी.पी.ई.एस. में काउंसिलिंग / प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में **रु.** 200/- जमा करना होगा।

प्रवेश स्वीकृत किये जाने पर तत्काल शुल्क जमा करना होगा। काउंसिलिंग के समय शुल्क जमा न करने की स्थिति में प्रवेश स्वत: निरस्त समझा जायेगा।

## प्रवेश निरस्तीकरण

प्रवेश प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या प्रवेशोपरान्त अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना गलत पाये जाने पर या न्यूनतम अर्हताएँ पूरी न पाये जाने पर उसका आवेदन/प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

अन्तिम वर्ष की अर्हता परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को **30 नवम्बर 2021** तक अपनी अर्हता परीक्षा का अन्तिम पूर्ण परीक्षा परिणाम प्रस्तुत करना होगा जिसके अभाव में उनका प्रवेश निरस्त समझा जायेगा।

## एम.पी.एड./बी.पी.एड. हेतु महत्वपूर्ण तिथियां

| | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | : **31 जुलाई 2021** |
| नोटिस बोर्ड पर मेरिट सूची लगाने की तिथि | : **10 अगस्त 2021** |
| प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग की तिथि | : **13 अगस्त 2021** |
| प्रथम काउंसलिंग के उपरांत रिक्त स्थानों पर काउंसलिंग तिथि एवं प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि | : **20 अगस्त 2021** |
| शिक्षण कार्य आरंभ किये जाने की तिथि | : **9 सितम्बर 2021** |

## बी.पी.ई.एस. हेतु महत्वपूर्ण तिथियां

| | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | : **31 जुलाई 2021** |
| नोटिस बोर्ड पर मेरिट सूची लगाने की तिथि | : **16 अगस्त 2021** |
| प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग की तिथि | : **23 अगस्त 2021** |
| प्रथम काउंसलिंग के उपरांत रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु अन्तिम काउंसलिंग तिथि | : **6 सितम्बर 2021** |
| शिक्षण कार्य आरंभ किये जाने की तिथि | : **9 सितम्बर 2021** |

# Sports Weightage
## M.P.Ed./B.P.Ed.

**Sports Achievement Weightage - 10 Marks**
**(Only For the games & sports listed by AIU only)**

- International Representation.
- Senior National Games Participation ( 1st, 2nd and 3rd place).
- Senior National Games Participation.
- All India Interuniversity Participation (1st,2nd and 3rd place).
- All India Inter-University Participation.
- North-Zone Inter-University/State Sports Participation ( 1st, 2nd and 3rd place).
- North-Zone Inter-University/State Sports Participation.
- Inter-Collegiate/District Sports Participation (1st, 2nd and 3rd place).
- Inter-Collegiate/District Sports Participation.

### Overall Distribution of Marks

| | |
|---|---|
| Merit Marks | 90 Marks |
| Sports Achievement | 10 Marks |
| **Total** | **100 Marks** |

# खेल वरीयता
## एम.पी.एड./बी.पी.एड.

**खेल उपलब्धि- 10 Marks**
**( केवल ए.आई.यू. की खेल सूची के अनुसार )**

- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग।
- सीनियर नेशनल खेलों में (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) स्थान प्राप्त।
- सीनियर नेशनल खेलों में प्रतिभाग।
- ऑल इण्डिया इंटरयूनिवर्सिटी खेलों में (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) स्थान प्राप्त।
- ऑल इण्डिया इंटरयूनिवर्सिटी खेलों में प्रतिभाग।
- नॉर्थ जोन इंटरयूनिवर्सिटी/राज्य स्तरीय खेलों में (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) स्थान प्राप्त।
- नॉर्थ जोन इंटरयूनिवर्सिटी खेल/राज्य स्तरीय खेलों में प्रतिभाग।
- अन्तर्महाविद्यालय/जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) स्थान प्राप्त।
- अन्तर्महाविद्यालय/जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग।

### अंकों का वितरण

| | | |
|---|---|---|
| मेरिट प्राप्तांक | - | 90 अंक |
| खेल उपलब्धि | - | 10 अंक |
| **कुल** | | **100 अंक** |

# Sports Weightage
## B.P.E.S.

**Sports Achievement Weightage - 10 Marks**

Certificate in original will be provided by the candidate during the physical test

- SGFI (School games federation of India)
- District level (recognized by affiliating body and first three positions)
- District level participation
- Divisional level (recognized by affiliating body and first three positions)
- Divisional level participation
- State level(recognized by affiliating body and first three positions)
- State level participation

### Overall Distribution of Marks

| | |
|---|---|
| Merit Marks | 90 Marks |
| Sports Achievement | 10 Marks |
| **Total** | **100 Marks** |

# खेल वरीयता
## बी.पी.ई.एस.

**खेल उपलब्धि- 10 Marks**

शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय प्रमाण पत्र की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य है।

- स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एस.जी.एफ.आई.)
- जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त।
- जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग।
- मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त।
- मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग।

### अंकों का वितरण

| | | |
|---|---|---|
| मेरिट प्राप्तांक | - | 90 अंक |
| खेल उपलब्धि | - | 10 अंक |
| **कुल अंक** | **-** | **100** |